दिनांकः 30.07.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत बहुत जल्द दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। आज नई दिल्ली में ''विकसित भारत की ओर यात्रा'' नामक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत विकास के पथ पर लगातार अग्रसर है। भारत आज आठ प्रतिशत की रफ्तार से वृद्धि कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में हर क्षेत्र की इकोनोमी पर ध्यान दिया जा रहा है। हर सेक्टर के बजट में बढोतरी की गई है। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई ने किया है। इसका उद्देश्य उद्योग की भूमिका और विकास के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के प्रति रूपरेखा प्रस्तुत करना है। सम्मेलन में उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय और थिंकटैंक के एक हजार से अधिक भागीदार शामिल हुए हैं। देश और विदेश के बहुत से भागीदार विभिन्न सीआईआई केन्द्रों से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुडे हैं।

राज्य के नवनियुक्त राज्यपाल हरिभाउ किसनराव बागड़े आज मुंबई से जयपुर पहुंच रहे हैं। राजधानी के स्टेट हैंगर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। राज्यपाल की अगुवाई के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई कैबिनेट मंत्री मौजूद रहेंगे। कल राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि बुनियादी ढांचा कोष के तहत देशभर में 76 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की 72 हजार बुनियादी ढांचा परियोजनाएं बनाई गई हैं। यह योजना वर्ष 2020 में घाटे को कम करने, किसानों के लिए उचित मूल्य प्रदान करने, कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने और निवेश आकर्षित करने के लिए फसल प्रबंधन बुनियादी ढांचे को विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। लोकसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार भंडारण की उचित व्यवस्था कर रही है ताकि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल सके।

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का अगले महीने से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने की कल आखिरी तारीख है। 31 जुलाई तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। योजना में जिले के सभी वंचित परिवार एसएसओ आईडी या ई–मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि एक अगस्त 2024 से योजना का लाभ मिल सके।

राजसमंद जिले में नाथद्वारा के टिमेला गांव में कल रात एक सामुदायिक भवन की निर्माणाधीन छत गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई। मलबे में दबे अन्य नौ मजदूरों को निकालने के लिए बचाव कार्य किया गया। करीब पांच घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आज सुबह इन मजदूरों को निकाला गया। सभी की हालत गंभीर है। घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। मृतकों के शवों को नाथद्वारा के लालबाग स्थित जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

उधर, सवाईमाधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा के जगमोदा गांव के पास गलवा नदी की रपट पार करते समय पानी के तेज बहाव में तीन युवक बह गए। इनमें से दो को ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया, जबकि एक युवक की गहरे पानी में चले जाने के कारण मृत्यु हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि क्षेत्र में पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद गलवा नदी उफान पर है और रपट पर चादर चल रही है।

संपूर्णता अभियान के तहत आशान्वित ब्लॉक गंगापुर सिटी की ग्राम पंचायत तलावड़ा में आज निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारत निर्माण राजीव गांधी केंद्र पर 30 वर्ष से अधिक आयु के महिलाओं और पुरुषों की मधुमेह, रक्तचाप, मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय कैंसर की निशुल्क जांच की जा रही है।

अजमेर में मुख्यमंत्री सघन वृक्षारोपण अभियान में अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए मनरेगा के मेटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे मेटों के लिए रोजगार दिवसों का सृजन हो सकेगा। जिले की 11 पंचायत समितियां और 324 ग्राम पंचायतों में 2 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।